<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–23 सितम्बर 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- कानपुर में रेलवे ट्रैक पर गैस सिलिण्डर रखकर मालगाड़ी पलटाने की साजिश में दस संदिग्धों से पूछताछ। पुलिस आयुक्त ने कहा–पूर्व की घटनाओं के साथ होगी संयुक्त जांच।
- नई मत्स्यजीवी समितियों के गठन के लिये प्रदेश में शुरू हुआ ऑनलाइन पोर्टल। मछुआरों को समितियों में शामिल होने और रोजगार बढ़ाने के मिलेंगे नये अवसर।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज मिर्जापुर दौरे पर। विभिन्न विकास परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण और शिलान्यास।
- शतरंज ओलम्पियाड में भारतीय टीम ने रचा इतिहास। पुरूष और महिला दोनों वर्गों में पहली बार जीता स्वर्ण पदक।
- भारी बारिश का दौर थमने के बाद प्रदेश के बीस जिले अभी भी बाढ़ की चपेट में।

**********

कानपुर में कल सुबह दिल्ली–हावड़ा रूट के प्रेमपुर रेलवे स्टेशन पर लूप लाइन से जा रही मालगाड़ी को रेलवे ट्रैक पर गैस सिलिण्डर रखकर पलटाने की साजिश की गयी। मामले में पुलिस दस लोगों को पकड़ कर पूछताछ कर रही है। कानपुर में पिछले कुछ दिनों में इस तरह की यह तीसरी घटना है। मौके पर पहुंचे कानपुर के पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने रेलवे ट्रैक का निरीक्षण करने के बाद बताया–

***जो घटनाक्रम है। ये एरिया काफी स्टेशन से नजदीक है। जैसा आप देख सकते हैं और आसपास आबादी भी है और दोनों तरफ रेलवे के जो वॉल हैं वो भी बना हुआ हैं। इस हिसाब से सिक्योर लोकेशन है बट रोड बगल में चल रही है और यहां पर झाड़ियां हैं ये देखने वाली बात है कि कोई अगर रखना चाहे तो मौका देख के आ के रख सकता है। तो ये घटना निश्चय में जहां रखा गया है वह दिखाता है कि वह मिश्चिव करना चाहता है। गैस सिलिण्डर से डिरेलमेंट होगा, नहीं होगा इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट बतायेगा पर जिसका भी इंटेशन है उसका इंटेंशन लगता है कि प्रथम दृष्टया वह कुछु नुकसान ट्रेन को पहुंचाना चाहता था। जिस तरह से वह रखा गया था। ये प्रथम दृ ष्टया मैं कहा रहा हूं और उस पे रेलवे डिपार्टमेंट मुकदमा तहरीर देगा। घटना स्थल जो है जुडिस्यिंश से अभी मैं बात कर रहा था जो जीआरपी के क्षेत्र में आयेगा तो जीआरपीएफ एफआईआर करेगी लेकिन हम लोग संयुक्त रूप से पहले से भी जांच कर रहे हैं, जिसमें जीआरपीएफ, आरपीएफ और हमारे कानपुर के स्टेट एजेंसी जिस विषय को जांच कर रहे हैं।. कहा रहे हैं कि इस क्रम दो घटना पहले हम विवेचना कर रहे थे ये तीसरी भी जुड़ रही है। उसमें हम लोग लगातार प्रयास कर रहे हैं जो भी मिश्चिव कर रहा है आज की घटना को भी इसी क्रम में हम लोग जोड़ेंगे और इसमें विवेचना करेंगे।***

**********

प्रदेश सरकार ने मछुआ समुदाय के आर्थिक उत्थान और रोजगार सृजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मत्स्य विभाग की तरफ से बहुउद्देशीय नई मत्स्यजीवी समितियों के गठन के लिये ऑनलाइन पोर्टल का कल शुभारम्भ किया। पोटल का उद्घाटन करते हुए कैबिनेट मंत्री डॉक्टर संजय निषाद ने कहा कि इससे मछुआरों को सहकारी समितियों में शामिल होने और रोजगार के नये अवसर प्राप्त करने का सुनहरा मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अभी ग्यारह सौ पैंतीस मत्स्यजीवी समितियां गठित हैं और पांच सौ पैंसठ नई समितियों के गठन का लक्ष्य रखा गया है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज मिर्जापुर जिले का दौरा करेंगे। वह रोजगार मेला, ऋण वितरण, टैबलेट और स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस मौके पर वह विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे। जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करने के बाद वह विन्ध्यांचल धाम जाएंगे और मां विन्ध्यवासिनी का दर्शन पूजन करेंगे।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन सत्रह सितम्बर से लेकर महात्मा गांधी की जयंती दो अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत आज प्रदेश के सभी प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये जायेंगे। इनमें साठ वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण निःशुल्क किया जायेगा। इस बीच सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत शहरों और गांवों में सार्वजनिक स्थानों पर साफ–सफाई अभियान के साथ ही लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलायी जा रही है।

**********

सम्भल जिले के स्थापना दिवस, के उपलक्ष्य में 28 सितंबर से 4 अक्टूबर तक प्रथम सम्भल कल्कि महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव के संबंध में जिलाधिकारी डॉक्टर राजेन्द्र पैंसिया ने बताया है कि कार्यक्रम का शुभारंभ 28 सितम्बर को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना और पीएम कुसुम योजना पर चर्चा के साथ होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत 28 सितंबर को लोक गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी भजन व लोक गायन की प्रस्तुति देंगी। 29 सितंबर को कवि सम्मेलन होगा जबकि 30 सितंबर को मशहूर गायक पद्मश्री

कैलाश खेर अपनी प्रस्तुतियों के साथ सम्भलवासियों के बीच होंगे। जिलाधिकारी ने बताया है कि सम्भल कल्कि महोत्सव में स्टाल लगाने के इच्छुक व्यक्ति कल तक महोत्सव प्रभारी डिप्टी कलेक्टर निधि पटेल से सम्पर्क कर सकते हैं।

**********

भारत ने कल बुडापेस्ट में आयोजित पैंतालीसवें शतरंज ओलम्पियाड में पुरूष और महिला टीमों का स्वर्ण पदक जीत कर इतिहास रच दिया। भारतीय टीमों ने इस प्रतियोगिता में पहली बार स्वर्ण पदक जीता है। ग्रैण्ड मास्टर डी. गुकेश, अर्जुन एरिगेसी और आर. प्रगनानंद ने स्लोवेनिया के खिलाफ ग्यारहवें दौर में अपने–अपने मैच जीत लिये जबकि महिला वर्ग में डी. हरिका, दिव्या देशमुख और वंतिका अग्रवाल ने अजरबैजान की खिलाड़ियों को हरा कर स्वर्ण पदक सुनिश्चित किया। इससे पहले भारतीय पुरूष टीम ने दो हजार चौदह और दो हजार बाइस में कांस्य पदक जीते थे। भारतीय शतरंज टीम की इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बधाई दी है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ओलम्पियाड में देश के लिये पहला स्वर्ण पदक जीतना शतरंज के इतिहास में अविश्वसनीय उपलब्धि है।

**********

उनहत्तर हजार शिक्षक भर्ती के मामले में सुप्रीम कोर्ट में आज से सुनवाई होगी। नौ सितम्बर को मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर फिलहाल रोक लगायी थी और सभी पक्षों को नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने को कहा था।

**********

नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट नीट स्नातकोत्तर परीक्षा दो हजार चौबीस के लिए काउंसिलिंग की प्रक्रिया आज से शुरू होगी। इस परीक्षा में सफल अभ्यर्थी आज दोपहर बारह बजे से अट्ठाइस सितम्बर की शाम पांच बजे तक ऑनलाइन पंजीकरण कर सकेंगे। विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट डीजीएमई डॉट यूपी डॉट जीओवी डॉट इन और यूपीनीट डॉट जीओवी डॉट इन का अवलोकन कर सकते हैं।

**********

नरेन्द्र मोदी सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे कर लिये हैं। इस दौरान, सरकार ने देश के मध्यम वर्ग के सशक्तिकरण और उनके जीवन को आसान बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण क़दम उठाए हैं। सरकार के इन फैसलों की हर तरफ सराहना हो रही है। इस क्रम में हापुड़ जिले की समाज सेविका मुर्शरफ़ चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा जो योजनाएं चलाई गई है, उससे सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है।

***प्रधानमंत्री के ये जो 100 दिन पूरे हुए है, तो इसमें मुझे बताते हुए बहुत हर्ष हो रहा है कि जनहित में हुई योजनायें प्रधानमंत्री जी की जो चल रही है उससे गरीब लोगों को भी फायदा है। उद्योगपतियों को भी फायदा है, प्लस जो राशन फ्री बांटा जा रहा है उसके बिल्कुल निचले दर्जे की जो गरीब है उनको घर बैठे अनाज मिल रहा है और ये आयुष्मान जिनका प्रोग्राम चल रहा है उससे 70 वर्ष के लोगों को बुढ़ापे में एक खुशी की लहर आई है चलो अगर हम बीमार हो गये, तो हमारा पांच लाख रुपये तक का फ्री इलाज हो सकता है।***

**********

पर्यटन विभाग ने पर्यावरण संरक्षण के लिये ईको पर्यटन स्थलों के अन्दर प्लास्टिक की बोतलें लेकर जाने पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत क्यूआर कोड लगाकर प्लास्टिक की बोतलों को पर्यटकों से जमा करवाया जायेगा और पर्यटन स्थल के बाहर आने पर उन्हें बोतलें वापस कर दी जायेंगी। साथ ही विभाग की तरफ से पर्यटकों को पर्यावरण संरक्षण के लिये जागरूक किया जायेगा। इस बारे में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने विभाग को निर्देश जारी कर दिये हैं।

**********

प्रदेश में भारी बारिश की स्थिति काफी हद तक सामान्य हो चुकी है। इसके बावजूद अभी भी बीस जिलों की छत्तीस तहसीलों के पांच सौ अठहत्तर गांव बाढ़ की चपेट में है। बाढ़ प्रभावित जिलों–बाराबंकी, आजमगढ़, प्रयागराज, उन्नाव, हरदोई, फर्रूखाबाद और वाराणसी में कल जनप्रतिनिधियों द्वारा राहत सामग्री का वितरण किया गया। राहत आयुक्त कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव के कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। बाढ़ पीड़ितों के लिये प्रभावित क्षेत्रों में कुल सात सौ इकतीस आश्रय स्थल अभी भी क्रियाशील हैं।

**********